# छोटू का घर

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 31)

*(संदर्भ : देखें एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक, पृष्ठ संख्या 30-31)*

**चित्रों में छोटू की कहानी बताई गई है। देखकर बताओ–**

➢ छोटू ने पाइप को देखकर क्या सोचा?

**उत्तर** जब छोटू ने पाइप को देखा तो उसे लगा कि पाइप उसके रहने के लिये बड़ी अच्छी जगह हो सकती है। पाइप उसे तेज हवाओं, बारिश, ठंड और धूप से बचा सकती है।

➢ छोटू ने पाइप का किस तरह से इस्तेमाल किया है?

**उत्तर** छोटू ने पाइप को अपना घर बना लिया।

➢ छोटू ने पाइप और आस-पास की जगह को कौन से हिस्सों में बांटा है?

**उत्तर** छोटू ने पाइप और आस-पास की जगह को निम्नलिखित हिस्सों में बांटा है–

- सोने की जगह
- खाना बनाने की जगह
- कपड़े सुखाने की जगह
- पानी रखने की जगह
- दोस्तों ओर मेहमानों की जगह

➢ छोटू को इस घर के कौन से हिस्से में ज्यादा समय बिताना पसंद होगा?

**उत्तर** छोटू को दोस्तों और मेहमानों की जगह में ज्यादा समय बिताना पसंद होगा।

➢ छोटू ने मोनू को भी पाइप में रहने को क्यों कहा होगा?

**उत्तर** इसके निम्नलिखित कारण हो सकते हैं–

- मोनू के पास रहने की जगह नहीं होगी।
- छोटू को दोस्त की जरूरत होगी।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 32)

➢ अपने घर का चित्र कॉपी में बनाओ। उसमें रंग भी भरो।

**उत्तर** स्वयं करो।

➢ तुम्हारे घर में कौन-कौन लोग रहते हैं?

**उत्तर** मेरे घर में मेरे पिता, मेरी माँ और मेरी बहन रहते हैं।

➢ छोटू ने पाइप को अलग-अलग हिस्सों में बाँटा। तुम भी अपने घर के अलग-अलग हिस्सों के नाम लिखो।

**उत्तर** मेरे घर में निम्नलिखित हिस्से हैं–

- बैठक
- शयनकक्ष
- शौचालय
- स्नानघर
- रसोई
- पढ़ने का कमरा

➢ एक दिन में तुम घर के किस हिस्से में कितना समय बिताते हो?

**उत्तर**

| घर का हिस्सा | बिताया गया समय |
|---|---|
| शयनकक्ष | 8 घंटे |
| बैठक | 1 घंटा |

| | |
|---|---|
| पढ़ने का कमरा | 4 घंटे |
| रसोई | आधा घंटा |
| स्नानघर | आधा घंटा |

➢ क्या घर का कोई ऐसा हिस्सा है जिसमें घर के कुछ लोग ज्यादा समय बिताते हैं?

**उत्तर** हाँ, मेरी माँ सबसे ज्यादा समय रसोई में बिताती है।


➢ क्या घर का कोई ऐसा भी हिस्सा है जिसमें घर का कोई खास व्यक्ति जाता ही नहीं है, या बहुत कम जाता है?

**उत्तर** मेरे पिताजी रसोई में कभी नहीं जाते हैं या बहुत थोड़े समय के लिये ही जाते हैं।


## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 34)

➢ ऐसे दो जानवरों के चित्र बनाओ, जो हमारी इजाज़त के बिना हमारे घर में रहते हैं। चित्र के नीचे उनका नाम भी लिखो।

**उत्तर**



चूहा



छिपकली

➢ तुम अपने घर को कैसे साफ रखते हो?

**उत्तर** मेरा घर निम्न तरीके से साफ रखा जाता है–

- घर में रोज झाड़ू लगता है।
- घर में रोज पोंछा लगता है।
- स्नानघर और शौचालय की नियमित सफाई होती है।
- महीने में एक बार वैक्युम क्लीनर से पूरे घर की सफाई होती है।

➢ तुम्हारे घर में सफाई का काम कौन-कौन करते हैं?

**उत्तर** झाड़ू-पोंछे के लिये एक दाई आती है। हम सभी लोग बारी-बारी से स्नानघर तथा शौचालय की सफाई करते हैं। पूरे घर की सफाई में भी हम सभी हाथ बँटाते हैं।

➢ तुम अपने घर का कूड़ा-कचरा कहाँ डालते हो?

**उत्तर** हम अपने घर का कूड़ा-कचरा सड़क पर रखे कचरे के डिब्बे में डालते हैं।

➢ क्या तुम्हारे घर के आस-पास सफाई रहती है?

**उत्तर** हाँ, मेरे घर के आस-पास सफाई रहती है।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 35)

➢ क्या तुम अपने घर को किसी खास तरह से सजाते हो? कब और कैसे सजाते हो?

**उत्तर** त्योहारों और अन्य खास मौकों पर हम अपने घर को खास तरह से सजाते हैं। उदाहरण के लिये; दिवाली के मौके पर हम अपने घर को रंग बिरंगी बत्तियों और रंगोली से सजाते हैं।

➢ अपने साथियों से पता करो कि वे अपने घर को कब और कैसे सजाते हैं?

**उत्तर** स्वयं करो।

➢ तुम अपने घर को किन-किन चीजों से सजाते हो? उनके नाम लिखो।

**उत्तर** नीचे कुछ चीजों के नाम लिखे हैं जिनसे मैं अपने घर को सजाता हूँ–

फूल, पोस्टर, पेंटिंग, फोटो, मूर्तियाँ, सजावटी लाइट, सजावटी सामान, इत्यादि।